अब तैयारी करें सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों के निर्देशन में

दृष्टि at a glance...

IAS / PCS ACADEMY

# Master in Current Affairs

## TOP 10 News Analysis with MCQs

26 OCT. 2023

USEFUL FOR

IAS | PCS

& other civil services exams




**Sunil Lawania**

(Managing Director)

FF- 23-24, Second Floor, Panchvati Plaza, Taj Nagri Phase – 2, Fatehabad Road, Agra

8476067777, 8394040777

1. **24 अक्टूबर : विश्व विकास सूचना दिवस**




- संयुक्त राष्ट्र (यूएन) प्रतिवर्ष 24 अक्टूबर को विश्व विकास सूचना दिवस (World Development Information Day) मनाता है.
- इसकी स्थापना साल 1972 में की गयी थी. इस दिवस का उद्देश्य विकास की समस्याओं और उन्हें हल करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करने की आवश्यकता पर ध्यान देना है.
- यह दिवस संयुक्त राष्ट्र दिवस के साथ ही मनाया जाता है, जिसकी स्थापना 1945 में की गयी थी.

2. **22 जनवरी को राम मंदिर का प्रतिष्ठा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा**



- PM मोदी राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होंगे: बोले- ये मेरा सौभाग्य है
- अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल होंगे।
- बुधवार को श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्यों चंपत राय, नृपेन्द्र मिश्रा और उडीपी के शंकराचार्य गोविंद गिरी महाराज ने पीएम मोदी से मुलाकात करके उन्हें निमंत्रण दिया, जिसे पीएम ने स्वीकार कर लिया और कार्यक्रम में आने की हामी भर दी।
- प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी उपस्थित रहेंगे।
- बुधवार को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने पीएम मोदी से मुलाकात की।
- 10 दिन चलेगा उत्सव कार्यक्रम

3. **NCERT की किताबों में इंडिया को भारत करने की सिफारिश**




- नेशनल काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग (NCERT) की किताबों में जल्द ही इंडिया की जगह भारत लिखा नजर आ सकता है।
- दरअसल, NCERT अपने सिलेबस में नई शिक्षा नीति के तहत बदलाव कर रहा है।
- इसके लिए 19 सदस्यों की एक कमेटी बनाई गई थी।
- इस कमेटी ने ही देश का नाम इंडिया के बजाय भारत लिखने का सुझाव दिया है।
- साथ ही सिलेबस से प्राचीन इतिहास को हटाकर क्लासिकल हिस्ट्री को और हिंदू योद्धाओं की जीत की कहानियों को शामिल करने की सिफारिश की है।

4. **सऊदी अरब के रियाद में फ्यूचर इन्वेस्टमेंट इनिशिएटिव का आयोजन किया गया**



- हाल ही में सऊदी अरब के रियाद में फ्यूचर इन्वेस्टमेंट इनिशिएटिव का आयोजन किया गया।
- यह फ्यूचर इन्वेस्टमेंट इनिशिएटिव (FII) का 7 वां संस्करण है।
- 7 वें 'फ्यूचर इन्वेस्टमेंट इनिशिएटिव' का आयोजन 24 से 26 अक्टूबर तक किया जाएगा।

- भारत की तरफ से केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल इस आयोजन में भाग लेंगे।फ्यूचर इन्वेस्टमेंट इनिशिएटिव (FII) के 7वें संस्करण की थीम "द न्यू कंपास" है।

**5. भारत तिब्बत सीमा पुलिस' का 61 वां स्थापना दिवस मनाया गया**



- हाल ही में 'भारत तिब्बत सीमा पुलिस' का 61 वां स्थापना दिवस मनाया गया।
- भारत-तिब्बत सीमा पुलिस की स्थापना 24 अक्टूबर 1962 को की गयी थी।
- इस सुरक्षा बल के जवान लद्दाख में काराकोरम दर्रे से लेकर अरुणाचल प्रदेश में जाचेप ला तक लगभग 3,488 किलोमीटर की भारत-चीन सीमा की रक्षा करने में तैनात हैं।
- वर्तमान में भारत- तिब्बत सीमा पुलिस के महानिदेशक श्री अनीश दयाल सिंह हैं।

**6. श्रीलंका के विदेश मंत्री अली साबरी ने नया पायलेट प्रोजेक्ट शुरु करने की जानकारी दी**



- श्रीलंका के विदेश मंत्री अली साबरी ने नया पायलेट प्रोजेक्ट शुरु करने की जानकारी दी।
- इस प्रोजेक्ट के तहत भारतीय पर्यटकों के लिए 'फ्री वीजा' जारी करने का फैसला लिया गया है।
- श्रीलंका के विदेश मंत्री अली साबरी ने बताया कि 'फ्री वीजा' को प्रायोगिक परियोजना के तहत 31 मार्च 2024 तक लागू रहेगी।
- श्रीलंका सरकार ने देश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए इस परियोजना को शुरु किया है।
- श्रीलंका सरकार ने भारत के अलावा चीन, मलेशिया, रूस, इंडोनेशिया, जापान और थाइलैंड के पर्यटकों के लिए तत्काल प्रभाव से मुफ्त प्रवेश को मंजूरी दी।

**7. चांद की उम्र 4 बिलियन साल से भी ज्यादा**



- 'जियोकेमिकल पर्सपेक्टिव लेटर्स' नामक पत्रिका ने एक रिपोर्ट में चांद की उम्र का खुलासा किया है।
- इस रिपोर्ट के मुताबिक चांद की उम्र 4.46 अरब साल है।
- साल 1972 में नासा ने मानव मिशन 'अपोलो 17' को चांद पर भेजा था।
- 11 दिसंबर 1972 को एस्ट्रोनॉट यूजीन सेर्नन और हैरिसन श्मिट ने चांद की सतह से 110.4 किलोग्राम मिट्टी और चट्टानों के सैंपल लिए थे।
- 'जियोकेमिकल पर्सपेक्टिव लेटर्स' ने 'अपोलो 17' द्वारा लाई गई चांद की मिट्टी का अध्यन किया है।
- वैज्ञानिकों को चांद की मिट्टी और चट्टान के टुकड़े के अंदर खनिज जिक्रोन के क्रिस्टल मिले हैं, जिनसे चांद की उम्र का खुलासा हुआ है।
- रिपोर्ट के मुताबिक मंगल ग्रह के आकार का एक ग्रह धरती से टकराया था, जिसके बाद ग्रह के टुकड़ों से चांद बना था।

**8. अशोक गाडगिल और सुब्रा सुरेश को अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी और नवाचार पदक से सम्मानित किया**



- अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने दो भारतीय अमेरिकी वैज्ञानिकों को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी और नवाचार पदक से

सम्मानित किया. जिसमें अशोक गाडगिल और सुब्रा सुरेश शामिल है.

- यह अवार्ड उन अमेरिकियों को दिया जाता है जिन्होंने विज्ञान, प्रौद्योगिकी में उपलब्धियां हासिल की है.
- इस अवार्ड की स्थापना 1959 में की गयी थी.

**9. एशियाई पैरा खेलों के पुरुष डिस्कस थ्रो में भारत के नीरज यादव ने स्वर्ण पदक जीता**

- 

- एशियाई पैरा खेलों के पुरुष डिस्कस थ्रो में भारत के नीरज यादव ने स्वर्ण पदक जीता उनकी इस जीत पर पीएम मोदी ने उन्हें बधाई दी है.
- गौरतलब है कि एशियाई पैरा खेलों का आयोजन चीन में किया जा रहा है.
- वहीं पुरुषों की 1500 मीटर- T46 इवेंट में भारत के राकेश भैरा ने कांस्य पदक जीता.

**10. केन्द्रीय कैबिनेट ने जापान के साथ सेमीकंडक्टर सप्लाई चेन पार्टनरशिप के लिए सहयोग ज्ञापन को मंजूरी दी**



- केन्द्रीय कैबिनेट ने जापान-भारत सेमीकंडक्टर सप्लाई चेन पार्टनरशिप पर भारत और जापान के बीच सहयोग ज्ञापन को मंजूरी दी है.
- इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने जुलाई, 2023 जापान के साथ सहयोग ज्ञापन (एमओसी) पर हस्ताक्षर किये थे.

## CURRENT AFFAIRS QUIZ

**1. संयुक्त राष्ट्र विश्व विकास सूचना दिवस प्रतिवर्ष कब मनाया जाता है?**
(a) 24 अक्टूबर
(b) 25 अक्टूबर
(c) 26 अक्टूबर
(d) 27 अक्टूबर

**2. राम मंदिर का प्रतिष्ठा कार्यक्रम कब आयोजित किया जाएगा?**
(a) 22 जनवरी
(b) 26 जनवरी
(c) 25 दिसम्बर
(d) 22 फरवरी

**3. किस संस्थान द्वारा किताबों में इंडिया को भारत करने की सिफारिश की गई है?**
(a) SCERT
(b) NCERT
(c) CBSE
(d) इनमें से कोई नहीं

**4. निम्न में से देश में 7 वें 'फ्यूचर इन्वेस्टमेंट इनिशिएटिव' का आयोजन किया जाएगा?**
(a) फ्रांस
(b) सऊदी अरब
(c) जापान
(d) डेनमार्क

**5. हाल ही में 'भारत तिब्बत सीमा पुलिस' का कौनसा -स्थापना दिवस मनाया गया?**
(a) 59 वां
(b) 60 वां
(c) 61 वां
(d) 62 वां

**6. हाल ही में किस देश ने 'फ्री वीजा' प्रोजेक्ट शुरू करने की जानकारी दी है?**
(a) भारत
(b) श्री लंका
(c) बांग्लादेश
(d) नेपाल

**7. 'जियोकेमिकल पर्सपेक्टिव लेटर्स' नामक पत्रिका ने एक रिपोर्ट में चांद की कितनी उम्र का खुलासा किया है?**
(a) 3 बिलियन
(b) 2 बिलियन
(c) 4 बिलियन
(d) इनमे से कोई नहीं

**8. किस भारतीय-अमेरिकी को अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी और नवाचार पदक से सम्मानित किया गया?**
(a) विवेक रामास्वामी
(b) अशोक गाडगिल
(c) अरुण मेहरा
(d) अजय बग्गा

**9. एशियाई पैरा खेलों के पुरुष डिस्कस थ्रो में किस भारतीय ने स्वर्ण पदक जीता?**
(a) अतुल सक्सेना
(b) नीरज यादव
(c) राकेश भैरा
(d) मोहित सिन्हा

**10. केन्द्रीय कैबिनेट ने किस देश के साथ सेमीकंडक्टर सप्लाई चेन पार्टनरशिप के लिए सहयोग ज्ञापन को मंजूरी दी है?**
(a) फ्रांस
(b) जर्मनी
(c) सिंगापुर
(d) जापान

| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. | 9. | 10. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | (a) | (b) | (b) | (c) | (b) | (c) | (b) | (b) | (d) |